शासकीय सेवा में रहकर हथियाई जमीन हुई सरकारी

कलेक्टर ने हथियाई गई जमीन को शासकीय कर दिया

पूर्व कर्मचारी के खिलाफ लगाया गया था परिवाद

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

सरकारी कर्मचारी ने अपने कर्तव्य का गलत उपयोग कर कई एकड़ भूमि अपने नाम दर्ज करा ली, इतना ही नहीं इस व्यक्ति ने शासकीय सेवा में रहकर पट्टा भी लिया। इस पूरे मामले में कलेक्टर न्यायालय ने अहम फैसला सुनाते हुए तकरीबन 50 लाख की 5 एकड़ भूमि को सरकारी कर दिया।

पूरा मामला यह है कि कलेक्टर न्यायालय, जिला टीकमगढ़ द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(7)ख एवं धारा 32 के अंतर्गत दायर एक महत्वपूर्ण प्रकरण में आदेश पारित किया गया है। उपलब्ध आदेश के अनुसार यह मामला ग्राम बिलगायं तहसील जतारा निवासी कमलेश कुमार जैन द्वारा प्रस्तुत आवेदन से संबंधित है। आवेदन में कमलेश ने पूर्व में शासकीय सेवा में पदस्थ शंकर प्रसाद श्रीवास्तव ने अपने कार्यकाल में रकबा 2069 तकरीबन 5 एकड़ जिसकी कीमत आज 50 लाख रूपए के आस-पास बताई जा रही है। इस शासकीय जमीन का शासकीय सेवा में रहते हुए कर्मचारी शंकर श्रीवास्तव ने अपने नाम पटटा करवा लिया था। इस मामले में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बड़ा फैसला लेते हुए उक्त जमीन का पटटा निरस्त करते हुए उसे शासकीय अभिलेख में दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया है।



न्यायालय कलेक्टर जिला टीकमगढ़ (म.प्र.)
मामला क्रमांक-0287/बी-121/2019-20

1. कमलेश कुमार जैन तनय श्री शिखरचन्द जैन निवासी ग्राम बिलगायां तहसील जतारा जिला टीकमगढ़ (म.प्र.)

आवेदक/प्रमाणक

बनाम

1. शंकर प्रसाद श्रीवास्तव तनय श्री दलाल श्रीवास्तव
2. मधु श्रीवास्तव पत्नि शंकर प्रसाद श्रीवास्तव निवासी ऑफ जीवाजी गंजी तहसील व जिला टीकमगढ़(म.प्र.)

अप्रतिवेदक/द्वितीयपक्ष

आदेश
(पारित दिनांक 2.1.2024)

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आवेदक क्रमांक एक का द्वारा म.प्र.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(7)ख सहपठित धारा 32 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर विषय की मांग है कि अप्रतिवेदक क्रमांक 1 पूर्व में शासकीय सेवक रहा है और वह टीकमगढ़ के अपर कलेक्टर न्यायालय में पेशकार के पद पर पदस्थ रहा है इसके पूर्व तत्कालीन न्यायालय एवं अनुविभागीय अधिकारी जतारा के न्यायालयों में भी पेशकार के पद पर पदस्थ रहा है। यह कि अप्रतिवेदकगण एवम ही परिवार के सदस्य है और आवास के लिये भोपाल में आवंटित भूमि खसरा नंबर 58/1/1, 58/1/1, 34/3/2, 34/4, 34/3/1, 33/2/2 जिला ग्राम उलाती जाती वर्ष 1969-70 से 1977-78 तक शासकीय बंजर के रूप में शासकीय भू-अभिलेख में अंकित व प्रविष्ट रही है उसके बाद 1980-87 में अप्रतिवेदक क्रमांक-1 के नाम की प्रविष्टियां खसरा भू-अभिलेख में आवंटित भूमि फर्जी तरीके से अंकित कर दी गई है और अप्रतिवेदक क्रमांक 1 ने अपनी भी पत्नीका के नाम की प्रविष्टियां भी गलत अवधारी पर आवंटित भूमि पर भू-अभिलेख खसरे आदि में अंकित करवा दी थी और बंजर का लेख करवा दिया था पत्नीका धर्मपत्नी हो चुकी है। यह कि वर्ष 2012-13 में जिला जिसी आदाता व आदेश के अप्रतिवेदक-1 ने अपनी पत्नि अप्रतिवेदक-2 के नाम आवंटित भूमि के संबंध में बटावारा कराया और बटावन लेख करवाया किन्तु वर्ष 2016-17 में आवंटित भूमि खसरा नंबर 34/3/1 की प्रविष्टि तत्कालीन पटवारी के मिलकर द्वारा दी और अप्रतिवेदक-1 ने अपनी भी पत्नीका का नाम अंकित करवा दिया जबकि अप्रतिवेदक-1 की भी पत्नीका के नाम भोपालगढ़ व जतारा तहसील के पैरिफेरल भूमियों पूर्व से थी इस तरह से इन शासकीय भूमियों की प्रविष्टियां किस किसी बटन, पट्टे व आदेश के आधार पर नहीं की गई है और न ही किसी प्रकार के वैध आदाता व आदेश से

कलेक्टर
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)

आवेदन में आरोप लगाया गया था कि ग्राम उत्तरी कारी की कुछ भूमि, जो वर्ष 1969-70 से 1977-78 तक राजस्व अभिलेखों में शासकीय बंजर भूमि के रूप में दर्ज थी, उसमें बाद के वर्षों में कथित रूप से अनियमित तरीके से निजी व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिए गए। प्रकरण में यह भी उल्लेख किया गया कि संबंधित भूमि के अभिलेखों में बिना वैध आदेश और प्रक्रिया के बदलाव किए गए तथा बाद में बंटवारे की कार्रवाई भी कराई गई।आदेश में यह भी उल्लेख है कि अनावेदक क्रमांक-1 पूर्व में शासकीय सेवा में रह चुके हैं और विभिन्न राजस्व कार्यालयों में पदस्थ रहे थे। आवेदनकर्ता कमलेश कुमार जैन ने आरोप लगाया कि राजस्व अभिलेखों में फर्जी प्रविष्टियां कराकर सरकारी भूमि को निजी स्वामित्व में दर्शाने का प्रयास किया गया। प्रकरण के अनुसार वर्ष 2012-13 में संबंधित भूमि का बंटवारा कराया गया, जबकि वर्ष 2016-17 में कुछ प्रविष्टियों में बदलाव किए जाने का भी उल्लेख किया गया है।

कलैक्टर ने सुनाया बड़ा फैसला

आदेश में पूरे मामले की जांच और अभिलेखों के आधार पर निर्णय दिया गया है। यह मामला सरकारी भूमि की सुरक्षा, राजस्व अभिलेखों की पारदर्शिता और कथित अनियमितताओं को लेकर जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि, यह न्यायालयीन मामला है और संबंधित पक्षों को कानून के अनुसार अपील अथवा अन्य वैधानिक उपाय अपनाने का अधिकार प्राप्त है। इस मामले में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बड़ा फैसला लेते हुए उक्त जमीन का पटटा निरस्त करते हुए उसे शासकीय अभिलेख में दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया है।

आज नगर पालिका परिषद का सम्मेलन

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ की परिषद सम्मेलन की बैठक आज 30 जुलाई गुरूवार को दोपहर 12 बजे नगर पालिका कार्यालय में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा परिषद सदस्यों को सूचना जारी कर बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है। बैठक में शहर के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में नगर विकास को लेकर 33 प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। इस वार की बैठक हंगामेदार होने के आसार दिख रहे है।

बैठक के एजेंडे में सबसे प्रमुख प्रस्ताव नजरबाग परिसर स्थित पुराने शासकीय कन्या विद्यालय भवन में गीता भवन निर्माण को लेकर है। इसके

अलावा सामाजिक न्याय विभाग के पीछे खाली भूमि पर अटल सभागार निर्माण के प्रस्ताव पर भी परिषद विचार करेगी। नगर विकास कार्यों के तहत विभिन्न वार्डों में सड़क और नाली निर्माण के लिए प्राप्त निविदा दरों की स्वीकृति पर भी निर्णय लिया जाएगा। इनमें वार्ड क्रमांक-1 की भरी तलैया कॉलोनी में सीसी रोड एवं नाली निर्माण, जसरथ कुशवाहा के घर से राजकुमार के घर तक नाली निर्माण, तथा वार्ड क्रमांक-2 में परिमल व्यास के घर से कमल कुशवाहा के घर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं।इसके अलावा महेंद्र सागर तालाब पर सांस्कृतिक मंच निर्माण और पीजी कॉलेज के पास स्थित महेंद्र सागर तालाब के सौंदर्यीकरण से संबंधित निविदा स्वीकृति पर भी परिषद निर्णय लेगी।

इन प्रस्तावों के स्वीकृत होने पर शहर के बुनियादी ढांचे, सांस्कृतिक गतिविधियों और सार्वजनिक सुविधाओं को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। नगर पालिका परिषद की इस बैठक को शहर के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में लिए गए निर्णयों का सीधा प्रभाव नगर के विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं पर पड़ेगा। नगर पालिका में होने वाले पार्षद सम्मेलन को लेकर कांग्रेस के पार्षद कई कामों में आपत्ति जता सकते हैं। ऐसा सूत्र बता रहे हैं। हालांकि यह तो कल तय होगा कि कौन पार्षद किस बिन्दु पर आपत्ति जताएगा या फिर सारे बिन्दु सर्वसम्मति से पास होंगे।

अंतिम चरण में पहुंची महोत्सव की तैयारी

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

टीकमगढ़ से लगभग 18 किलोमीटर दूर स्थित पावन श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र आहार जी में 31 जुलाई को दोपहर 1:00 बजे आयोजित होने वाले मंगल कलश स्थापना महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

महोत्सव के पूर्व परम पूज्य आचार्य श्री 108 विवेक सागर जी महाराज ससंघ का सिद्ध क्षेत्र आहार जी में भव्य एवं श्रद्धापूर्ण मंगल प्रवेश हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने उत्साह, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ उनका भावभीना स्वागत किया। धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने बताया कि आचार्य श्री के आगमन पर सिद्ध क्षेत्र आहार समिति एवं समस्त दिगंबर जैन समाज के श्रद्धालुओं ने मंगल कलश, जयघोष और धर्मध्वज के साथ उनकी अगवानी की। इस अवसर पर आहार जी गुरुकुलम के छात्रों ने दिव्य घोष, मंगलगान एवं गगनभेदी जयघोष प्रस्तुत कर संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विद्यार्थियों की अनुशासित एवं आकर्षक प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया ।

शासकीय मूल्य पर मत्स्यबीज

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मत्स्यपालन के लिये मछली पालन विभाग के मत्स्यबीज प्रक्षेत्रों पर उचित शासकीय मूल्य पर मत्स्यबीज उपलब्ध है।

सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला मेघा गुप्ता द्वार जानकारी दी गई है कि जिले के मत्स्यपालन से संबंधित सभी मछुआ सहकारी समितियां,मछुआ,व्यक्तिगत के लिये मछली पालन विभाग के मत्स्यबीज प्रक्षेत्रों पर उचित शासकीय मूल्य पर मत्स्यबीज उपलब्ध है। तालाबों में संचयन हेतु मत्स्यबीज प्राप्त करने के लिये कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला से संपर्क करें।

सांदीपनी विद्यालय में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

नवभारत न्यूज, पलेरा।

पलेरा के अंतर्गत आने वाले सांदीपनी विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों और सरकारी कर्मचारियों ने सहभागिता निभाई ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गुरु-शिष्य परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखना और नई पीढ़ी को गुरुओं के महत्व से अवगत कराना था वरिष्ठ गुरुजनों का लिया आशीर्वाद कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और गुरु वंदना के साथ हुआ इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों और विद्यालय परिवार ने क्षेत्र के वरिष्ठ गुरुजनों का शाल-श्रीफल भेंट कर भावभीना सम्मान किया और उनका आशीर्वाद लिया वक्ताओं ने कहा कि समाज के निर्माण में शिक्षकों का योगदान अतुलनीय है पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ने बच्चों को किया संबोधित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक ने विद्यार्थियों को संबोधित किया उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा, गुरु का स्थान भगवान से भी ऊपर होता है।

पोर्टल पर करें आवेदन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

आबकारी आयुक्त मप्र ग्वालियर के निर्देशानुसार जिले में प्रवर्तन कार्य हेतु 2 वाहन किराये पर लगाये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला आबकारी कार्यालय में प्रवर्तन कार्य हेतु 2 वाहन किराये पर लगाये जाने हेतु ऑनलाईन एमपी टेण्डर पोर्टल के द्वारा आवेदन स्वीकार किये जाऐंगे।

ई-टेण्डर ऑन लाईन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि 30 जुलाई दोपहर 2 बजे तक तथा ई-टेण्डर खोलने की तिथि एवं समय 30 जुलाई को निर्धारित की गई है।

कीट-रोग प्रबंधन की आवश्यक सलाह

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कृषि विज्ञानियों ने जिले के किसानों को आगामी 3-4 दिनों के मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए खरीफफसलों की नियमित देखभाल एवं कीट-रोग प्रबंधन के लिए आवश्यक सलाह दी है।

आगामी 3-4 दिनों के दौरान जिले में खंड वर्षा होने तथा आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 24 से 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। हवा की औसत गति 3 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे रहने का अनुमान है। मौसम की स्थिति को देखते हुए सोयाबीन, मूंग, उड़द, तिल एवं मूंगफली सहित खरीफफसलों में समय पर निराई-गुड़ाई कर खरपतवार नियंत्रण करें तथा फसलों में कीट एवं रोगों की नियमित निगरानी रखें। उड़द की फसल में बुआई के 15 से 25 दिन बाद, खेत में पर्याप्त नमी होने पर खरपतवार नियंत्रण के लिए इमाजेथापायर 10 एसएल अथवा क्विजालोफॉप एथिल ईसी दवा का अनुशंसित मात्रा में छिड़काव करने की सलाह दी गई है।

मिलीभगत का आरोप

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जतारा जंगल क्षेत्र में करीब 90 हेक्टेयर लगभग 250 एकड सरकारी वन भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग के बड़े अधिकारियों पर अतिक्रमणकारियों से मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाया है।

मामला भटगोरा के बीट बारछी का है। ग्रामीण मनीराम यादव ने बताया कि अक्टूबर 2025 में तत्कालीन रेंजर ने कुछ जमीन से कब्जा हटाया था ।

नि :शुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी टीकमगढ़ में आयोजित 35 दिवसीय नि:शुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आई 26 महिलाओं एवं युवतियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर श्रीमती कल्पना नायक द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को ब्यूटी पार्लर से संबंधित विभिन्न व्यावहारिक तकनीकों एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए आवश्यक कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

समापन समारोह में संस्थान के निदेशक विवेक रघुवंशी, फैकल्टी दुर्गेश कालरा, कार्यालय सहायक मोहम्मद आकिल, सोवरन रैकवार एवं राहुल कुशवाह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ

नवभारत न्यूज, जतारा।

गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा-2026 के उपलक्ष्य में शासकीय शांति बानी उत्कृष्ट विद्यालय, जतारा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जतारा विधायक हरिशंकर खटीक रहे। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय नगर परिषद जतारा अध्यक्ष अनुराग रामजी नायक सहित जनप्रतिनिधि, भाजपा मंडल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं गुरु शांति बानी के चित्र पर माल्यार्पण, तिलक एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात स्वागत गीत के माध्यम से सभी अतिथियों का अभिनंदन किया गया।इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं गुरुजनों को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया।

खरीफ फसलों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कृषि विज्ञान केंद्र, के वैज्ञानिक दल ने जिले के विभिन्न गांवों में खरीफ फसलों का निरीक्षण कर किसानों को रोग एवं कीट नियंत्रण के वैज्ञानिक एवं जैविक उपायों की जानकारी दी।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. बीएस किरार, डॉ. आरके प्रजापति, डॉ. एसके सिंह, डॉ. एसके जाटव, डॉ. आइडी सिंह एवं जयपाल छिगा रहा ने बुंदेलखंड सामाजिक सेवा संस्थान के स्थानीय ग्रामीण कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर किसानों को फसलों के संबंध में जानकारी दी।

प्रसूता ने सड़क किनारे दिया बच्चे को जन्म, जांच के हुए आदेश

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

जिले के बड़ागांव अस्पताल से रेफर किए जाने के बाद एक गर्भवती महिला ने रास्ते में सड़क किनारे बच्चे को जन्म दिया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य केंद्र से जननी वाहन उपलब्ध न कराने के कारण देर रात महिला को सड़क पर ही प्रसव के लिए मजबूर होना पड़ा।

ककरवाहा निवासी महिला को मंगलवार रात परिजन बड़ागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए थे। जांच के बाद ड्यूटी स्टाफ ने महिला में खून की कमी बताते हुए उसे जिला अस्पताल टीकमगढ़ के

लिए रेफर कर दिया।परिजनों का आरोप है कि रेफर के बाद जननी वाहन नहीं दिया गया। अस्पताल से लौटते समय करीब एक किलोमीटर दूर इमली के पेड़ के नीचे महिला की डिलीवरी हो गई। रात में महिला और उसकी साथी ने चबूतरे पर ही समय बिताया। बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने महिला को सड़क पर देखा और स्वास्थ्य केंद्र को सूचित किया। इसके बाद बड़ागांव स्वास्थ्य केंद्र से दो नर्सें टैक्सी लेकर मौके पर पहुंचीं और जच्चा-बच्चा को भर्ती कराया। फिलहाल दोनों की हालत स्वस्थ है। ड्यूटी पर तैनात नर्सों ने परिजनों के आरोपों को खारिज किया है।

12 तक रहेगी ऑनलाइन प्रक्रिया जारी

नवभारत न्यूज,

टीकमगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, टीकमगढ़ में शैक्षणिक सत्र हेतु डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की संस्था स्तर पर काउंसिलिंग प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 4 जुलाई से 12 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन एवं पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

महाविद्यालय में वर्तमान में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग जैसे रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान, प्रायोगिक प्रशिक्षण तथा उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप कौशल विकास का अवसर प्रदान किया जाता है। महाविद्यालय में अनुभवी संकाय सदस्य, आधुनिक प्रयोगशालाएँ, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, इंटरनेट सुविधा तथा उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है।

लोग हो रहे बीमार

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

ज्ञापन ग्रामीणों ने बल्देवगढ़ एसडीएम को दिया ज्ञापन

अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर आंदोलन की दी चेतावनी

नवभारत न्यूज,

खरगापुर। जिले की बल्देवगढ़ तहसील के ग्राम भेलसी में गोचर भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। बुधवार को ग्रामीणों ने बल्देवगढ़ एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और 72 एकड़ भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की। उन्होंने कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

स्थानीय निवासी नीलेश यादव ने बताया कि भेलसी पंचायत के सुहागी, लखैरा और बुड़कीखेरा में स्थित खसरा नंबर 405 की लगभग 72 एकड़ शासकीय भूमि सुरक्षित रखी गई है। इस भूमि पर मुक्तिधाम, माध्यमिक शाला सुहागी, शासकीय विवाह स्थल भवन और

धर्मशाला का निर्माण भी किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव के कुछ प्रभावशाली लोग इस शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर रहे हैं। स्कूल के आसपास पक्का निर्माण किया जा रहा है और खेती के उद्देश्य से तार फेंसिंग भी की जा रही है। इस अतिक्रमण के कारण मुक्तिधाम, मवेशियों के आवागमन और बच्चों के स्कूल पहुंचने वाले आम रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं। इससे ग्रामीणों के बीच विवाद और शांति भंग होने की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि भू-माफिया इस भूमि पर लगातार कब्जा कर रहे हैं और रोकने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हैं। आज ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर इस भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर सुरक्षित करने की मांग की।

आम रास्ता खुला रहे और गौवंश के लिए भी पर्याप्त जगह उपलब्ध हो सके। बल्देवगढ़ तहसील के ग्राम भेलसी में गोचर भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बल्देवगढ़ एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और 72 एकड़ भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की।

खेती के मकसद से किया था अतिक्रमण

स्कूल के आसपास पक्का निर्माण किया जा रहा है और खेती के उद्देश्य से तार फेंसिंग भी की जा रही है। इस अतिक्रमण के कारण मुक्तिधाम, मवेशियों के आवागमन और बच्चों के स्कूल पहुंचने वाले आम रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं। इससे ग्रामीणों के बीच विवाद और शांति भंग होने की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि भू-माफिया इस भूमि पर लगातार कब्जा कर रहे हैं ।

कल फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। प्रधानमत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफफसलों के लिये बीमा पंजीयन की शुरूआत हो गई है। उप संचालक किसान कल्याण तथा विकास अधिकारी मनोज कश्यप द्वारा बताया गया कि जिले में खरीफ2026 मौसम के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा पंजीयन का कार्य प्रारम्भ हो गया है।

कृषि विभाग ने 31 जुलाई तक फसल बीमा माह मनाने का निर्णय लिया है। इस दौरान तहसील और ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों को योजना की जानकारी देकर बीमा कराने के लिये प्रेरित किया जावेगा। इसके अंतर्गत फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। इच्छुक कृषक उक्त तिथि से पूर्व अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते है। खरीफ मौसम में सभी अनाज दलहन, तिलहन फसलों हेतु बीमित राशि का मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम कृषकों के द्वारा देय है। केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है।अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलें उगाने वाले बटाईदारों और कास्तकारों सहित सभी किसान अपनी फसलों का बीमा कबरेज प्राप्त करने हेतु पात्र है। योजना सभी कृषकों हेतु स्वेच्छिक है। अल्पकालिक फसल ऋण प्राप्त करने वाले कृषकों की फसलों का बीमा संबंधित बैक द्वारा किया ।